an>

title: Need to allocate funds to complete the construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna in Lakhimpur, Kheri in Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : अध्यक्ष जी, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना एनडीए की पूर्व सरकार के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा प्रारम्भ की गई थी। यह योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी व सफल योजना है। जिसका लाभ पूरे देश को मिला है और देश के बहुत से ऐसे गांवों में जिनका विकास नहीं हुआ था, इस योजना द्वारा सड़क बनने के कारण व्यापार, रोजगार, बढ़ने के साथ विकसित हुए हैं। परंतु बाद की सरकारों के ध्यान न देने, प्रदेश सरकारों की निष्क्रियता व राजनैतिक कारणों की वजह से जिला प्रशासन द्वारा काम न करने के कारण यह योजना खास कर उत्तर प्रदेश में ठप्प पड़ गयी है, जिससे इस योजना से लोगों की जो अपेक्षायें थीं, पूरी नहीं हो पा रही हैं।...(व्यवधान) अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना द्वारा 120 सड़कों का निर्माण होना था, जिसमें 37 सड़कों का काम शेष 80 करोड़ रुपये भारत सरकार से अवमुक्त नहीं होने के कारण अधूरी हैं चूंकि जब तक जिला व राज्य प्रशासन द्वारा भारत सरकार से धन आवंटित करने की डिमांड नहीं की जाती तब तक धन अवमुक्त नहीं हो सकता। उत्तर प्रदेश सरकार की निष्क्रियता व राजनैतिक कारणों के कारण धन की मांग नहीं की जा रही है, जिसके कारण लखीमपुर सहित उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का काम नहीं हो पा रहा है।

अतः मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय से मांग करता हूं कि लखीमपुर खीरी सहित पूरे उत्तर प्रदेश की स्वीकृत सड़कों का अधूरा कार्य पूरा करने हेतु शेष 80 करोड़ रुपये अतिशीघ्र लखीमपुर सहित उत्तर प्रदेश के सभी जिलों की इस योजना की शेष राशि अवमुक्त करने की कृपा करें, जिससे अधूरी सड़कों का निर्माण हो सके।

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : अध्यक्षा जी, मैं अपने को श्री अजय मिश्रा टेनी द्वारा उठाए गए मुद्दे से संबद्ध करता हूं।